हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 सितंबर 2025
[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

06 इलाके भर में उत्साह से मना महालक्ष्मी व्रत त्योहार...



07 मिठाई दुकानों के सैंपल लिए और घरेलू गैस सिलेंडर किए...



## खबर संक्षेप

### 17 को रक्तदान अमृत महोत्सव का आयोजन

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मप्र में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में 17 सितंबर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़ा का शुभारंभ करेंगे। राष्ट्रीय स्तरीय उपरोक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने सुनने के प्रबंध देश के सभी चिन्हित स्थलों पर सुनिश्चित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर अर्थात 17 सितंबर को रक्तदान अमृत महोत्सव के रूप में आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामहित कुमार ने बताया कि अभियान के पहले दिन जिला चिकित्सालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंटो पर स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर तथा विशेषज्ञ चिकित्सा चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### 241 हितग्राहियों को उपकरणों का वितरण

**विदिशा।** भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत सामाजिक न्याय विभाग द्वारा गंजबासौदा नगर पालिका परिसर में दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया था इस शिविर के माध्यम से जिले के 241 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। एडिप योजना के तहत आज गंजबासौदा नगरपालिका एवं जनपद क्षेत्र के 241 हितग्राहियों को विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष शशि यादव ने सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिनमें नगरपालिका क्षेत्र के 61 और जनपद पंचायत क्षेत्र के 180 हितग्राही शामिल है।

### 350वीं शहीदी शोभा यात्रा का किया स्वागत

**कुरवाई।** जो बोले सो निहाल, सत अकाल के गगनभेदी नारों के बीच सिख धर्म के 9वें धर्म गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य शोभा यात्रा का कुरवाई नगर में आगमन हुआ। नगर के पटेल लैंडमार्क पर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे के नेतृत्व में अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। विधायक सप्रे ने पधारे हुए अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सभी ने मिलकर श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया और उनकी शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की बैठक संपन्न

**विदिशा।** जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की बैठक अध्यक्ष पं.दीपक तिवारी की अध्यक्षता में करैया खेड़ा रोड स्थित धर्मशाला में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 7 दिसंबर को समाज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के मुख्य अतिथियों में संपन्न होगा। जिसमें समाज के छात्र छात्राओं का सम्मान, 80 साल से बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद दिसंबर जनवरी में समाज का सार्वजनिक चुनाव संपन्न होंगे। इससे पूर्व सामाजिक जनगणना के लिए पत्रक घर-घर पहुंच जाएंगे। युवा सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पं. रुपेश तिवारी को घोषित किया। सभी समाज के उपस्थित जनों ने बधाई दी।

### युवाओं ने साफ सफाई का बीड़ा उठाया

**ग्यारसपुर।** 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। ग्यारसपुर के दुर्गा चौक की नालियां बारिश के चलते चौक हो गई थी जिसके चलते नालियों का पानी सड़क पर बहने लगा था। दुर्गा चौक की युवा टीम और मां मनोकामना दरबार एवं समिति के सदस्यों के द्वारा अपने हाथों में गेती फावड़ा लेकर उन्होंने सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया। और उन्होंने संदेश दिया कि अपने गांव की साफ सफाई की जिम्मेदारी स्थानीय ग्रामीणों की भी रहती है।

### बजरिया में जयस्तंभ चौराहे पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया

# विदिशा शहर की इस हालत के लिए विदिशा के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार, नहीं दिया ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

विदिशा विचार मंच द्वारा रविवार को जयस्तंभ चौराह बजरिया पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय शहर की बदतर हालातों पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका था।

परिचर्चा में आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि विदिशा शहर के बदतर हालातों के लिए यहां के सांसद जिम्मेदार हैं। उनको यहां की जनता ने रिकार्ड मतों से जिताया उसी का बदला वो जनता से ले रहे हैं। क्योंकि स्थानीय विधायक और नपाध्यक्ष उनकी अनदेखी से ही मनमानी कर रहे हैं। परिचर्चा का संचालन करते हुए नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि पिछले विदिशा की इस हालत का मुख्य कारण विधायक का अहंकार और आगे महापौर बनने के सपने हैं, जो कभी संभव नहीं होंगे। डॉ नीरज शक्ति निगम ने कहा कि इन बदतर हालातों के लिए हम सब बराबर की जिम्मेदार हैं। हम लोग ही इन नकारा जनप्रतिनिधियों को लगातार चुनते आ रहे हैं। जिससे वह निरंकुश हो गए। जब युवा बदलेगा तभी देश बदलेगा।



विदिशा। बजरिया में अयोजित चौराहे पर चर्चा के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

पर्यावरण मित्र नीरज चौरसिया ने कहा कि शहर का बेड़ा गर्क करने वाले नेताओं ने पर्यावरण की दिशा में कोई कार्य नहीं किया। एडवोकेट अतुल वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा सारे टैक्सों में बढ़ोतरी कर दी गई है। इनकी असलियत जनता के सामने लाने की आवश्यकता है। पर्यावरणप्रेमी मनीष गौतम ने कहा कि विदिशा के हालात बदलने के लिए इसी परिचर्चा को जन क्रांति में बदलने की आवश्यकता है। मीसाबंदी एवं पूर्व पार्षद गोवर्धन साहू ने कहा कि बेतवा शुद्धिकरण का काम 1996 से हो रहा है लेकिन आज 30 साल बाद भी संभव नहीं हो सका। समाज सेवी करतार सिंह ने कहा कि जनता को दबे शब्दों में नहीं खुलकर बोलना चाहिए कि शहर की बदहाल स्थिति के जिम्मेदार सांसद, विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष बराबरी से है। भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के अध्यक्ष रवि साहु ने कहा कि विदिशा में विकास सिर्फ ढोलखेड़ी पर हुआ। भ्रष्टाचार से संपत्ति खड़ी करके भाजपा नेताओं ने जनता को छला है। मजीद भाई मंसूरी ने कहा रजिस्ट्री पर स्टांप ड्यूटी में 300% की वृद्धि हो गई है। अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किये।

#### सिर्फ जनप्रतिनिधियों के परिवार का हुआ विकास

परिचर्चा के दौरान कांग्रेसी पार्षद धर्मेंद्र यादव ने कहा शहर में स्मार्ट मीटर लगाने की बड़ी समस्या है इससे गरीबों के घरों के बिल 10 गुना हो गए। ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष सुमित वैद्य ने कहा कि विदिशा में विकास सिर्फ यहां के जनप्रतिनिधियों के बच्चों और परिवार का हुआ है। यहां का युवा तो आज भी बेरोजगारी से जूझ रहा है। समाजसेवी राजेंद्र शर्मा आकई ने कहा इस खराब व्यवस्था के लिए सिर्फ विधायक जिम्मेदार हैं। इसकी अतिरिक्त इस परिचर्चा को पार्षद प्रतिनिधि राजेश नेमा, प्रमोद शर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, उमेश कुमार त्रिपाठी, नरेंद्र शर्मा तुमैना, शिवराज सिंह मीणा आदि ने भी संबोधित किया और परिचर्चा का आभार पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत द्वारा व्यक्त किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप अमावते, कोमल जाटव, अब्दुल हक,जावेद मंसूरी ,सलीम खान, शहजाद मुन्ना भाई ,शंकर सिंह तोमर, मदन सोनी, संतोष पुरोहित आदि मौजूद रहे।

## विजय मंदिर को लेकर ग्वालियर हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

स्थित ऐतिहासिक विजय मंदिर जिसे बीजामंडल के नाम से भी जाना जाता है को लेकर ग्वालियर हाई कोर्ट में दायर याचिका स्वीकार कर ली गई है।

अदालत ने पुरातत्व विभाग और अन्य सरकारी पक्षों से जवाब मांगा है। विजय मंदिर को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर अब कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने पिछले दो वर्षों में इस विषय पर आंदोलन किए थे, परंतु मंदिर में पूजा के लिए ताला नहीं खोला गया। बीजामंडल को वर्तमान में एएसआई के दस्तावेज़ों में विजय मंदिर मॉस्क के रूप में दर्ज किया गया है। याचिकाकर्ता शुभम वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ ऐतिहासिक दस्तावेज, शिलालेख और एएसआई कार्यालय से अभिलेख जुटाए और वरिष्ठ वकील हरिशंकर जैन तथा विष्णु शंकर जैन को प्रस्तुत किए। लगभग 118 पृष्ठों की याचिका तैयार की गई और इसे ग्वालियर हाई कोर्ट में दायर किया गया। अदालत ने इसे स्वीकार करते हुए पुरातत्व विभाग और सरकार से जवाब तलब किया है। याचिका में मांग की गई है कि एएसआई के अभिलेखों से मॉस्क शब्द हटाकर मंदिर लिखा जाए और हिंदू पक्ष को वर्षभर पूजा करने का अधिकार दिया जाए। याचिकाकर्ताओं में वरिष्ठ वकील हरिशंकर जैन , शुभम वर्मा, राकेश यादव, मणि मुंजाल और राहुल देवाण शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि 1682 में औरंगज़ेब के आदेश पर इस मंदिर को तोड़ा गया था और तब से यह विवाद चल रहा है। हालांकि, इस ऐतिहासिक दावे की सत्यता पर अदालत ने अभी कोई निर्णय नहीं दिया है। अब सुनवाई की प्रतीक्षा है।

## पुलिस ने की वाहन चेकिंग, काटे चालन

**कस्बा बागरोद।** ग्राम स्थित पुलिस चौकी के सामने तीन दिन से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा जिसमें रविवार को भी सघन वाहन चेकिंग की गई जिसमें 11 वाहनों के चालान काटे काट कर 4300 रुपए की राशि बसूली गयी थाना प्रभारी बबिता सिंह चौधरी त्योंदा ने बताया कि शासन के आदेश है सभी थाना प्रभारी सघन वाहन चेकिंग करते हुए रोड पर चल बिना कागजों के वाहनों पर चलानी कार्रवाई करें। उसी क्रम मे दो दिन से नेशनल हाईवे 146 पर चौकी के सामने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो सहित स्कूल वाहनों के भी दस्तावेज चेक किए एवं वाहनों चालकों को समझाया गया की दो पहिया वाहनों को बिना हैलमेंट के न चलाएं। वहीं चार पहिया वाहन चालकों को बिना सीट बेल्ट के वाहन न चलाने के लिए समझाया गया। वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिए कि अपने वाहन की सभी दस्तावेज कम्प्लीट रखे वाहन चेकिंग मे चौकी प्रभारी जे पी मालवीय, एएसआई तरुण वेदी, प्रेमनारायण साहू, प्रदीप अलावा, रविंद्र तोमर,राहुल भास्कर आदि उपस्थित रहे।

# वन माफिया का आतंक: धोखेड़ा बीट में सागौन के पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी, वन विभाग बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हैदरगढ़

हैदरगढ़ ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत सर्किल हैदरगढ़ के धोखेड़ा बीट के जंगलों में इन दिनों वन माफिया बेखौफ होकर कहर बरपा रहे हैं। क्षेत्र के घने जंगलों में मौजूद हरे-भरे व बहुमूल्य सागौन के पेड़ माफियाओं की कुल्हाड़ी की नजर में हैं। लाखों रुपए मूल्य के इन पेड़ों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह बेखबर बने हुए हैं। मोटरसाइकिल जैसे साधनों से



रातों-रात लकड़ी की तस्करी की जा रही है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि वन चौकियों के आसपास से गुजरने के बावजूद वन अमला कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। यह लापरवाही न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जंगलों की सांसें छीन रही है। कहीं न कहीं वन विभाग और माफियाओं की मिलीभगत भी हो सकती है। यदि समय रहते इस अवैध कटाई पर रोक नहीं लगी तो पूरा जंगल बंजर भूमि में तब्दील हो जाएगा। सवाल यह है कि आखिर वन विभाग कब जागेगा और जंगलों के इस काले कारोबार पर अंकुश लगाएगा?

जब इस संबंध में रेंजर मुस्कान शिवहरे से बात की गई बताया की जानकारी प्राप्त हो रही है मैं कल वनकर्मियों को भेज कर इसकी जांच कराई जाएगी।

## सट्टे के अड्डे पर पुलिस का छापा, छह आरोपी गिरफ्तार, 3.63 लाख का माल जब्त, 3 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने खरीफटक ओवरब्रिज के नीचे संचालित सट्टा अड्डे पर छापा मारा। पुलिस ने 6 सट्टेबाजों को मौके पर गिरफ्तार किया। तीन आरोपी भाग निकले।

थाना प्रभारी आरके मिश्रा के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। एक कमरे में सट्टा पर्ची लिखते हुए मुकेश, चंद्रशेखर, राजू, जगदीश, भिक्म और गोविंद को पकड़ा गया। छापेमारी में पुलिस ने 13 लाख 500 रुपए नगद जब्त किए। साथ ही 17 मोबाइल




फोन, 4 बाइक और कई सट्टा पर्चियां भी बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा 4(A) सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### कलेक्टर ने शिविरों का जायजा लिया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा तहसील के ग्रामों में आयोजित धरती आबा अभियान के शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के हितलाभ और उनकी मूलभूत समस्याओं से अवगत होने के उपरांत समाधान की पहल की है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जायजा के दौरान विभागों के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शिविर के बाद एक भी हितग्राही लाभान्वित होने से वंचित ना रहे, यही इन विशेष शिविरों का उद्देश्य है, जिसकी पूर्ति में कोई कोरकसर नहीं छोड़ी जाए।

## वक्फ की जमीन गुमठियों रखकर वसूला जा रहा किराया अतिक्रमण हटवाने वक्फ बोर्ड के सीईओ लिख चुके हैं पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरवाई

कब्रिस्तान की लगभग डेढ़ बीघा जमीन पर कुरवाई के लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण करके गुमठियां रखवा दी हैं। अतिक्रमण करने वाले इन गुमठियों से किराया भी वसूल रहे हैं। वक्फ की जमीन पर हुए इस तरह के कब्जे को हटवाने के लिए वक्फ बोर्ड के सीईओ द्वारा तहसीलदार को पत्र लिखकर निवेदन किया जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिला वक्फ कमेटी के जिलाध्यक्ष अय्यूब कुरैशी ने इस अतिक्रमण को हटवाने के लिए 23 जून को बोर्ड के सीईओ को पत्र लिखते हुए इस समस्या से अवगत कराया था। इसके बाद अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए वक्फ बोर्ड के सीईओ द्वारा कुरवाई तहसीलदार को पत्र लिखा जा चुका है। जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष का कहना है कि उन्हे शिकायत कुरवाई के नागरिकों से प्राप्त हुई थी।

उन्होंने जब मौके पर जाकर मुआयना किया तो शिकायत सही पाई गई। इस अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए जिलाध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत भी कराया था। कार्रवाई नहीं हुई तो 14 दिसंबर 2025 को आवेदन भी दे चुके हैं।

#### कुरवाई में है यह जमीन

जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष ने वक्फ बोर्ड को अवगत कराते हुए लिखा है कि यह जमीन कुरवाई शहर के वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाले साबिर खां पुत्र शकूर खा के द्वारा अवैध तरीके से खोके गुमठियां रखकर किराया वसूला जा रहा है। राजस्व रिकार्ड के अनुसार यह जमीन आराजी क्रमांक 1124 रकबा 0.314 हेक्टेयर है। यह जमीन लगभग डेढ़ बीघा के आसपास है।

## 18 जिलों से 1 हजार छात्राएं करेंगी शिक्षा पर मंथन

### एबीवीपी का प्रांत छात्रा सम्मेलन आज से विदिशा में, 16 सितंबर तक चलेगा

**सम्मेलन का उद्घाटन आज सुबह 11:30 बजे रविंद्रनाथ टैगोर सभागार में होगा। शाम 4 बजे शोभायात्रा निकलेगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मध्यभारत प्रांत छात्रा सम्मेलन 15 और 16 सितंबर को विदिशा में होगा। प्रांत के 18 जिलों से 1 हजार चयनित छात्रा प्रतिनिधि इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। दो दिवसीय सम्मेलन में छात्राओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इनमें शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन शामिल हैं।

भारतीय चिंतन में महिला की भूमिका और संस्कारित भारत निर्माण पर विशेष सत्र होंगे। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में छात्राओं का एक मांग पत्र तैयार किया जाएगा। इसमें शैक्षणिक संस्थानों के पास पब और कैफे पर रोक लगाने की मांग होगी। लव जिहाद मामलों में काउंसलिंग सेल बनाने और छात्रावासों की संख्या बढ़ाने की मांग भी शामिल होगी। सम्मेलन का उद्घाटन आज सुबह 11:30 बजे रविंद्रनाथ टैगोर सभागार में होगा। शाम 4 बजे शोभायात्रा निकलेगी। यह यात्रा टैगोर सभागार से नीमताल होते हुए माधव भेज तक जाएगी। छात्राएं विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर भाषण देंगी। विदिशा की 200 छात्राओं को स्टूडेंट फॉर सेवा के तहत शक्ति इंटर्नशिप प्रोग्राम में शामिल किया गया है।

# महालक्ष्मी पूजन पर बेतवा घाट पर हजारों महिलाओं ने किया स्नान और पूजन, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

आश्विन कृष्ण अष्टमी यानी हाथी पूजा के अवसर पर रविवार को बेतवा के घाटों पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। महालक्ष्मी व्रत के लिए श्रद्धा से डूबकी लगाई। सुबह 4 बजे से ही महिलाएं बेतवा नदी के घाटों पर पहुंचने लगीं। उन्होंने स्नान कर व्रत का संकल्प लिया और माता महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना शुरू की।



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

परंपरा के अनुसार महिलाओं ने मिट्टी के हाथी बनाकर देवी का विशेष पूजन किया। कई लोगों ने इस मौके पर पितरों का तर्पण भी किया। प्रशासन और नगर पालिका ने घाटों पर साफ-सफाई, पानी और अन्य व्यवस्थाएं की थीं। वहीं, सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात था और होमगार्ड जवान मोटरबोट से नदी पर नजर रखे हुए थे। धर्माचार्यों के अनुसार इस व्रत को हाथी अष्टमी या हाथी पूजन भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन गजलक्ष्मी देवी, जो हाथी पर सवार होती हैं, की आराधना करने से सुख-समृद्धि मिलती है। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर दीप जलाती हैं और देवी को फूल, धूप, पकवान और केले का भोग अर्पित करती हैं। शाम के समय गोधूलि बेला में महिलाएं आरती करती हैं और जय लक्ष्मी माता का गुणगान करती हैं। पूजा के बाद एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम का तिलक कर आशीर्वाद देती हैं और प्रसाद बांटती हैं।

### पोषण अभियान का क्रियान्वयन 17 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक

**विदिशा।** सेवा पखवाड़ा अभियान अवधि के समानातर महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पोषण अभियान का क्रियान्वयन 17 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिले में की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढा ने बताया कि पोषण अभियान के अंतर्गत विभाग के साथ-साथ 14 अन्य विभागों की सहभागिता की गई है जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य विभाग, कृषि, आयुष, आजीविका मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग, खेल विभाग के साथ-साथ, एनजीओ, जिनमें अडानी फाउंडेशन, अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन, राकेट लर्निग फाउंडेशन, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन तथा संगत फाउंडेशन के द्वारा अभियान के उद्धेश्यों की प्राप्ति में सहभागिता निभाई जाएगी। विभागों को प्रेषित गतिविधियों के अनुसार कार्ययोजना का क्रियान्वयन कर अपेक्षित सहयोग की अपील की गई है।

## 21 सितंबर को होगी नमो मैराथन दो अक्टूबर तक चलेंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने बताया कि इस दौरान जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए कई आयोजन किए जा रहे हैं।

### 21 को नमो मैराथन

अभियान के प्रमुख आकर्षणों में से एक नमो मैराथन का आयोजन 21 सितंबर को किया जाएगा, जिसकी थीम "आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत" रखी गई है। आयोजन की तैयारी के लिए जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक स्कूल में भी अलग-अलग नोडल अधिकारी जिम्मेदारी संभालेंगे। 17 से 27 सितंबर के बीच जिले के सभी विद्यालयों में चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन और संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर भी कई कार्यक्रम होंगे, जिनमें योग अभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता चर्चा, संतुलित आहार चार्ट और स्वच्छता प्रतिज्ञा जैसे आयोजन शामिल हैं। 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को 'लोकल फॉर वोकल' थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित होंगी, जिनमें स्थानीय उत्पादों और शिल्प को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मेंटेनेंस के चलते बिजली प्रदाय रहा बंद



**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। विद्युत विभाग के अनुसार 33 केव्ही फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किए जाने के चलते तीन उपकेंद्रों की बिजली बंद रही। यह उपकेंद्र बासौदा 33/11 केव्ही, बेदनखेड़ी 33/11 केव्ही और गोकुलधाम 33/11 केव्ही। बिजली कटौती से प्रभावित क्षेत्रों में स्टेशन रोड, सिटी क्षेत्र, सिरोंज चौराहा, जेल रोड, कोर्ट राजौदा रोड, बरेठ रोड और बहलोट बायपास के क्षेत्र शामिल रहे।

### जांच में पाया घरेलू गैस टंकियों का उपयोग

**गंजबासौदा।** विगत दिनों कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानो का औचक निरीक्षण कर उपयोग में लाई जा रही घरेलू गैस टंकियों सहित अन्य की जांच पड़ताल की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि बासौदा अनुविभाग क्षेत्र में सम्पन्न की गई कार्रवाई में चार प्रतिष्ठानों से 20432 रूपए मूल्य की सामग्री जब्त की गई है। सहायक आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य के द्वारा पचमा रोड के व्यवसायिक प्रतिष्ठानो में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान लक्ष्मी रेस्टोरेन्ट से दो घरेलू गैस सिलेण्डर, बर्नर, भट्टी एक, गुरूकृपा रेस्टोरेन्ट से दो घरेलू गैस सिलेण्डर और दो डबल बर्नर भट्टी, मां नर्मदा रेस्टोरेन्ट से एक घरेलू सिलेण्डर, बर्नर भटटी और बालाजी रेस्टोरेन्ट से एक घरेलू सिलेण्डर व बर्नर भट्टी जब्त की गई है। यहां उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग की टीम द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### तेज धूप से परेशान

**गंजबासौदा।** विगत एक सप्ताह से इलाके भर में बारिश का दौर थम गया है। जिसके कारण अब तेज गर्मी का अहसास लोगों को हो रहा है। गर्मी में वृद्धि के कारण लोगों में सर्दी, जुकाम, सिरदर्द, घबराहट सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। जिसके कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या बड़ गई है। उधर पिछल दो दिनों से शाम से समय तेज घटाएं और घने बादल भी छा रहे हैं, जिनसे आसपास के क्षेत्र में कहीं तेज तो कहीं कम बौछारें भी पड जाती हैं। जिनसे उमस के कारण लोगों की परेशानी और भी बढ रही है। वहीं किसानों को भी इस मौसम से परेशानी हो रही है और वे धान एवं सोयाबीन की फसलों की अच्छी पैदावार को लेकर शीघ्र अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं।

# इलाके भर में उत्साह से मना महालक्ष्मी व्रत त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रविवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महालक्ष्मी व्रत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह के समय महिलाओं ने नदी, तालाबों, कुओं पर एवं अपने घरों में स्नान किया। महालक्ष्मी व्रत के चलते सुबह से लेकर दोपहर तक बेतवा नदी के रिपटा घाट पर हजारों की संख्या में स्नानार्थी पहुंचे। शाम के समय महिलाओं ने विधि विधान के साथ महालक्ष्मी की पूजन अर्चन की एवं कथा का श्रवण किया। हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से आश्विन कृष्ण अष्टमी तक हाथी पर सवार देवी गजलक्ष्मी, मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यतानुसार महाभारत काल में देवी कुंती ने भी यह व्रत किया था। एक समय महर्षि श्री वेदव्यास जी हस्तिनापुर पधारे। उनका आगमन सुन महाराज धृतराष्ट्र उनको आदर सहित राजमहल में ले गए। स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान कर उनका पूजन किया। व्यास जी से माता कुंती तथा गांधारी ने हाथ जोड़कर प्रश्न किया। आप त्रिकालदर्शी हैं अतः आपसे हमारी प्रार्थना है कि आप हमको कोई ऐसा सरल व्रत तथा पूजन बताएं जिससे हमारा राज्यलक्ष्मी, सुख-संपत्ति, पुत्र-पोत्रादि व परिवार सुखी रहें। इतना सुन वेद व्यास जी कहने लगे- 'हम एक ऐसे व्रत का पूजन व वर्णन कहते हैं जिससे सदा लक्ष्मी जी का निवास होकर सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है। यह श्री महालक्ष्मी जी का व्रत है, इसे गजलक्ष्मी व्रत भी कहा जाता है। जिसे प्रतिवर्ष आश्विन कृष्ण अष्टमी को विधिवत किया जाता है।

## पिछले एक पखवाड़े से लगातार हो रही हैं वारदातें,पुलिस व्यवस्था पर सवाल

# रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर सो रहे युवक की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर में आपराधिक घटनाओं के रुकने का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रतिदिन कुछ न कुछ घटनाऐं घटित हो रही हैं। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे हो रहे हैं। एक पखवाडे में एक मासूम के साथ दुष्कर्म, मंडी के मुनीम के साथ 15 लाख की लूट का प्रयास, किशोरी के अपहरण का प्रयास हुआ और इनमें से बाद की दो घटनाओं में आरोपियों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। जबकि बीती रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर एक व्यक्ति की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस अब इस मामले की भी जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक पखवाडे से इलाके में लगातार वारदातें हो रही हैं। जबकि पुलिस की सख्ती सिर्फ रात में दुकानें बंद कराने और रात में नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई तक ही सीमित होकर रह गई है। जबकि नगर सहित इलाके भर में लकडी जुआ, अवैध शराब, गांजा, ब्राउन शुगर का कारोबार जोरों पर है, लेकिन उस ओर कार्रवाई करने का मन पुलिस का अभी तक नहीं बन पाया है। जिससे अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

बीती रात भी अज्ञात बदमाशों ने रेलवे स्टेशन के सर्वाधिक भीडभाड वाले प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर सो रहे एक युवक की धारदार हथियारों से हत्या कर दी। बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 2 निवासी 45 वर्षीय मनोज नामक युवक बाबा का वेश धारण कर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ही घूमता रहता था और प्लेटफार्म पर ही सो जाता था। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भी वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर मुख्य गेट के पास ही सो रहा था। इस प्लेटफार्म पर अन्य यात्री भी सो रहे थे। तभी अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियारों से मनोज की हत्या कर दी और भाग निकले।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बारीकि से निरीक्षण किया। विदिशा जीआरपी टीआई महेंद्र शाक्य ने भी मौके का निरीक्षण किया। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू करते हुए संदिग्धों को पकडकर पूछताछ शुरू कर दी है। उधर लगातार हो रही घटनाओं से नागरिक पहले से ही असुरक्षित महसूस कर रहे थे। इस संबंध में जीआरपी टीआई महेन्द्र शाक्य का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर लगे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर आरोपियों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ जारी है। सीसी टीवी फुटेज की जांच के बाद शीघ्र ही आरोपियों को पकड लिया जाएगा।

## संस्कृत महारानी, हिंदी बहुरानी अंग्रेजी नौकरानीः यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत में बेल्जियम के चमकते सितारे फादर कामथ बुल्के ने भारतीय भाषाओं की प्रशंसा में बहुत ही खूबसूरत बात कही है। उन्होंने कहा है कि संस्कृत महारानी है, हिन्दी बहुरानी है और अंग्रेजी नौकरानी है। यह बात सैण्ट एसआरएस स्कूल के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पहली बार किसी विदेशी द्वारा हिन्दी में राम कथा पर शोधकर्ता फादर कामथ बुल्के के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कही। ज्ञात हो कि एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए हिन्दी और संस्कृत की लिपि देवनागरी की वैज्ञानिकता पर चर्चा की। एनएसएस बालक इकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान ने बताया कि संस्कारों से संस्कृति बनती है और संस्कार निज भाषा से निर्मित हैं। बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता ने समझाया कि हिन्दी के अ से अनार, ज्ञ से ज्ञानी बनोगे, जबकि अंग्रेजी के ए से एप्पल और जेड से जेबरा और जानवर बनोगे। कार्यक्रम का संचालन दिनकर कद्रे ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ और संस्मरण सुनाकर वातावरण को काव्यमय बना दिया। कार्यक्रम में गोपाल पाठशाला प्रभारी दीपेश मीणा, प्रियंका अग्रवाल, अजय विश्वकर्मा, रंजू राठौर, विक्रांत सोनी, विक्रम सिंह लोधी, गोविंद कुशवाह, आकाश साहू, कुलदीप रघुवंशी ने विचार रखे। इस दौरान मातृ भाषा और राष्ट्र भाषा हिन्दी को आम लोगों की बोलचाल की भाषा से लेकर साहित्यिक और प्रशासनिक भाषा के रूप में समृद्ध, सुसंस्कृत और व्यापक बनाने की शपथ ली।

## ब्राह्मण दल ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को ब्राह्मण दल ने ओम कॉलोनी निवासी राजीव चौबे के पक्ष में एसडीओपी के नाम एक ज्ञापन टीआई संजय बेदिया को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि ग्राम हतौडा निवासी पीयूष नामक युवक ने विप्र परिवार की नाबालिग बालिका से छेडछाड की थी। जिस पर शहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया परंतु उसके बाद आरोपी व उसके परिजनों द्वारा नाबालिग के परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। गत दिवस भी आरोपी और उसके परिजनों ने बालिका के परिजनों से झगडा किया था, जिसकी शिकायत भी पुलिस में दर्ज कराई गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपी के भय के कारण पीडिता बालिका परीक्षा देने भी नहीं जा पा रही है और मानसिक रूप से काफी प्रताडित हो रही है। ज्ञापन में ब्राह्मण दल ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ शीघ्र और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। इस ज्ञापन के बाद टीआई संजय बेदिया ने ब्राह्मण दल के सदस्यों को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नहाने के दौरान युवक नदी में डूबा



**गंजबासौदा।** रविवार को दोपहर के समय सावरकर चौक निवासी 23 वर्षीय नरेंद्र ओझा बेतवा रिपटा घाट पर नहाने के दौरान डूब गया, घटना दोपहर 3 से 4 बजे के बीच की है। स्थानीय लोगों ने युवक के डूबने की सूचना देहात थाना पुलिस को दी। पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और तलाश शुरू की। प्रारंभिक खोज में कोई सफलता नहीं मिलने पर पुलिस ने विदिशा एसडीईआरएफ टीम को सूचित किया। रिपटा घाट पर मौजूद पुलिस और बचाव दल के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से खोज अभियान शुरू किया। दो नावों को भी नदी में उतारा गया है, जिनमें पुलिस बल तैनात है। वर्तमान में बारिश के कारण बेतवा नदी का जलस्तर अधिक है और बहाव तेज है। उल्लेखनीय है कि गणेश उत्सव के दौरान पुलिस ने तेज बहाव के कारण रिपटा घाट पर जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। उत्सव के बाद लोगों का फिर आना जाना शुरू हो गया। खबर लिखे जाने तक नरेन्द्र का कुछ पता नहीं चला है और तलाश जारी है।

## नील कंठेश्वर मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे



**गंजबासौदा।** उदयपुर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कुल 9 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मुख्य द्वार पर 360 डिग्री कैमरा लगाया गया है, जो आने-जाने वालों की पूरी रिकॉर्डिंग करेगा। मंदिर परिसर की निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश के तीनों द्वारों पर अलग-अलग कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा, पूरे मंदिर परिसर की निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर कैमरे लगवाए गए हैं। यह कदम गत 27 जुलाई को हुई चोरी की घटना के बाद उठाया गया है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले अज्ञात चोरों ने मंदिर में घुसकर कर दान पेटी तोड़कर नगद राशि चुरा ली थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए थे और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसके बाद मंदिर परिसर में सीसी टीवी कैमरे लगाए गए।

## महासम्मेलन में शामिल होंगे मुस्लिम मंच कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा 27 सितम्बर को ताल कटोरा दिल्ली में मुस्लिम महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश से हजारों मंच कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। महासम्मेलन की तैयारियो को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि हमारा वतन हिंदुस्तान है, झंडा तिरंगा है। हम सब एक कौम के रूप में हैं। हम कौम से एक हैं, एक रहेंगे, मिलकर रहेंगे, लड़कर बंटकर नहीं रहेंगे। कादरी ने कहा कि मदरसों और स्कूलों में दुनियावी तालीम भी दिलाने पर पूरा फोकस करेंगे। हमेशा अमन के रास्ते पर चलेंगे। साफ सुथरा और पढ़ा-लिखा अमन पसंद वतन बनाने में सब सहयोग करेंगे।

## दिव्यांगजनों के बनाए जाएंगे यूडीआईडी कार्ड

**गंजबासौदा।** ऐसे दिव्यांगजन जिनके यूडीआईडी कार्ड (दिव्यांग प्रमाण पत्र) अब तक नहीं बने हैं, उनके लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष शिविर (कैंप) 16 सितम्बर मंगलवार को 11 बजे से नगरपालिका परिसर में आयोजित किया जा रहा है। नपा द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि समस्त दिव्यांग जन जिनके कार्ड अब तक नहीं बने है या जिनके पास पुराने हाथ से बने हुए प्रमाणपत्र हैं वे यूडीआईडी पोर्टल पर अपना पंजीयन ऑनलाइन करवाके नगरपालिका कार्यालय में सुबह 11 बजे उपस्थित हो। इसके अलावा वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी समग्र आईडी, आधार कार्ड, दो फोटो यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीयन करवाकर उसकी रसीद लेकर शिविर में आये। जिससे उनके यूडीआईडी कार्ड यानि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया आसानी से संपन्न की जा सके।

### शासकीय कालापठार में कार्यक्रम आयोजित

# प्राथमिक शाला में हुआ शैक्षिक संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे जनशिक्षा केन्द्र कन्या उमावि का शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। इस शैक्षिक संवाद मे सीएसी प्रकाश दीक्षित, चरण सिंह रघुवंशी ने सभी शिक्षकों से शाला संचालन, छात्रों का शैक्षणिक स्तर के बारे मे चर्चा की। साथ ही तृप्ति तिवारी मास्टर ट्रेनर एवं दोनो सीएसी द्वारा शिक्षकों को गतिविधियों द्वारा कक्षा 1, 2 के छात्र, छात्राओं को कैसे पढ़ाया जाऐ। वह भय मुक्त माहौल मे कैसे शिक्षा ग्रहण करें, छात्र स्वयं शाला आने को उत्साहित रहें, यह बताया गया। इस दौरान सभी शिक्षको ने अपने अपने अनुभव साझा करते हुए शाला और छात्रों के स्तर में कैसे सुधार हो यह बताया। सभी शिक्षकों ने एक स्वर मे शासकीय प्राथमिक शाला की व्यवस्थाओं, छात्रों के संस्कार और शैक्षणिक स्तर देखकर शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर शासकीय शालाएं ऐसी हों तो छात्रों को प्राइवेट शाला में जाने की जरूरत ही महसूस नही होगी। वहीं शासन से मांग भी की कि शिक्षक स्वयं आवेदन कर अपनी योग्यता प्रमाणित करें। यह उचित नही है शासन को स्वयं रिपोर्ट लेकर मूल्यांकन करना चाहिए। इस अवसर पर निशा सिंह, माधवी भाटिया, भारती शर्मा, गीता तोमर ,कविता जैन, रीना रघुवंशी, सोफिया खान, गीता पंथी, कुंती कोरी, मनीषा दिवाकर, रानी रघुवंशी ,आरती अहिरवार, राजेश चौधरी ,रामराज सिंह दांगी, श्रीकांत माथुर, विजय श्रीवास्तव आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## पुण्य तिथि एवं जयंती मनाई



**गंजबासौदा।** नीम करौली बाबा की पुण्यतिथि, विनोबा भावे कि जयंती एवं महादेवी वर्मा की पुण्य तिथि नौलखी धर्मशाला में मनाई गई। जिसमे समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने नीम करोली बाबा के इतिहास पर प्रकाश डाला तथा अन्य के जीवन के बारे मे विस्तार से बतालाते हुए कहा कि विनोबा भावे का जन्मदिन 11 सितंबर 1895 को महाराष्ट्र में हुआ। उन्होंने पदयात्रा करके लाखों बीघा जमीन गरीबों को बटवाई। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. अशोक रोहले ने प्रसिद्ध छायावादी कवि महादेवी वर्मा के बारे में अनेक जानकारी दी। इस अवसर पर देवांश, शिवराज नामदेव, विशाल रघुवंशी, हिम्मत दादा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कथा से विकार दूर होते हैं, शांति मिलती है:शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंडित प्रमेहानंद शास्त्री ने भागवत कथा वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा सुनकर मन के विकार दूर होते है मन को शांति मिलती है और संशय मिटते हैं, साथ ही व्यक्ति को मोक्ष की और प्रेरित करना है जो भक्ति, ज्ञान के माध्यम से प्राप्त होता है। यह कथा जीवन के गहरे अर्थ को समझाती है और व्यक्ति को मोह, शोक, भय से मुक्त करके शांति व आनंद की और ले जाती है जिससे वह जन्म मृत्यु के चक्र से भी मुक्ति पा सके। यह कथा ह्रदय और मन मे भक्ति को भरती है जिससे व्यक्ति भगवान को समर्पित हो जाता है और व्यक्ति का परम लक्ष्य संसार के बंधनों मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करना हो जाता है। आगे शास्त्री ने बताया कि कुण्डलपुर निवासी राजा भीष्मक की पुत्री रूकमणी का विवाह द्वारका में भगवान श्री कृष्ण से धूमधाम से हुआ। वहीं श्री कृष्ण का दूसरा विवाह जामवंत की पुत्री जामवती से हुआ। तीसरा विवाह सत्यभामा से हुआ, चतुर्थ विवाह कालिंदी से हुआ। इस तरह भगवान श्री कृष्ण की आठ मुख्य पटरानी थीं। वहीं कारागृह मे बंद सोलह हजार एक सो कन्याओं से विवाह भी सम्पन्न हुआ। प्रमेहानंद शास्त्री ने भागवत कथा कहते हुए कहा भागवत कथा सबसे पहले भगवान विष्णु ने ब्रह्माजी को, ब्रह्माजी ने नारदजी को, नारदजी ने सनकादिक ऋषिओं को, सनकादिक ऋषिओं ने सूतजी को,सूतजी ने सुखदेव मुनि को और सुखदेव मुनि ने राजा परिक्षित को कथा सुनाई। कथा सुनकर विमान मे बैठकर हरिधाम मोक्ष को प्राप्त हुआ। वहीं कथा में महाराज ने सुदामा चरित्र का भी वर्णन किया। कथा में प्रथ्वी सिंह रघुवंशी सहित महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## शिक्षा केंद्र व समग्र शिक्षा सेकंडरी एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

# दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का किया आयोजन, 147 बच्चों का किया गया परीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के निजी गार्डन में जनपद शिक्षा केन्द्र व समग्र शिक्षा सेकेण्ड्री एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा 1 से 12 वीं तक के दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अतिथियों व मंचासीन मेडिकल बोर्ड मेंबर, शिक्षा विभागीय अधिकारियों, क्रतिम अंग निर्माण संस्था के विशेषज्ञों का विकास खंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव, बीएसी महेश शर्मा, भगत सिंह रघुवंशी, ओमकार रघुवंशी, उमेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंच पर मुख्य रुप से उपस्थित शिक्षा समन्वयक चंद्र प्रकाश शर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक आईडी ज्योति केदारे, मेडिकल कॉलेज आईडियोलॉजिसट शिल्पी राय, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक राजपूत, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ गजेन्द्र दागी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ चिढार, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ गुप्ता, क्रतिम अंग निर्माण संस्था एलिमको विशेषज्ञ डॉ कु पिंकी चौहान आदि मंच पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंचासीन समस्त अतिथियों का सुनील राठौर, कुलदीप रघुवंशी,ज़ाहिद मोहम्मद, शोएब खान, देवेंद्र जाट, राहुल सक्सेना, विशन लाल, धुरुव शर्मा, अजय सेन ने पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अतिथियो ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन प्रशासन समस्त दिव्यांगो के साथ हैं। सरकार द्वारा उन्हें हर संभव मदद उपलबध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। सरकार हर दिव्यांग के साथ हैं। इस अवसर पर समस्त दिव्यांगों के परिजनों के चेहरों पर खुशियां छा गईं। वहीं बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव ने प्रेरणा गीत सुनाया और अपने विचार रखें। बीईओ उमेश सोनी ने अपने उदबोधन में दिव्यांग बच्चों की योजनाओं की जानकारी दी।

ज्ञात हो कि सिरोंज विकास खंड में दिव्यांग बच्चों के समस्त कार्यों को संपादित कराने का कार्य डॉ फैज़ान खान करते हैं। इस कार्य में सहयोग हेतु दिव्यांग बच्चों को समर्पित फरहत उन्नीसा, शुभम शर्मा, नेहा कुशवाह, रोशनी बारंगे, रविंद्र शर्मा, अनिल सोनी, उमेश चंद्र कनेरिया, भगत सिंह रघुवंशी ने व्यवस्थाओं को बखूबी संभाल रखा है। शिक्षा समन्वयक चंद्र प्रकाश शर्मा ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारिया प्रदान की गई। इस गरिमामय समारोह में सैकड़ों की संख्या में दिव्यांग बच्चे व उनके अभिभावक और उनकी शाला से शिक्षक भी उपस्थित रहे। सभी को पूर्व में स्वल्पाहार वितरण किया गया। चिकित्सा मूल्यांकन उपरांत सभी को पौष्टिक भोजन कराया गया। इस शिविर में 147 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया गया एवं 79 बच्चों को उनकी आवश्यकता हेतु उपकरण हेतु चिन्हाकन किया गया। वहीं 19 नये दिव्यांग प्रमाण पत्र बने एवं दस बच्चों को अग्रिम स्वास्थ्य परिक्षण हेत क्षैतिज पुनर्वास केंद्र भोपाल रेफर किया गया है।

इस मौके पर उपस्थित ऐपीसी ज्योति केदारे ने विभाग द्वारा संचालित योजनाएं की जानकारी से पालकों एवं अतिथियों को अवगत कराया एवं प्रत्येक दिव्यांग बच्चे का शाला में प्रवेश कराने की सलाह अभिभावकों को दी गई। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चो को बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव, बीएसी महेश शर्मा द्वारा नगद आवागमन भत्ता की राशि वितरित की गई। इस कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह रघुवंशी, ओमकार सिंह रघुवंशी, राजेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में माध्यन्ह भोजन प्रभारी संतोष दुवेदी, मुकेश अहिरवार,भगवान सिंह रघुवंशी, राकेश शर्मा, दौलत राम पंथी, राजेंद्र रघुवंशी, शिवम सहित समस्त जनशिक्ष शिक्षक एवं शिक्षक और पालक उपस्थित रहे।



## मिठाई दुकानों के सैंपल लिए और घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त, मिलावटखोरों पर सख्ती

**गढाकोटा।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार के दिन सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर में अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने मिठाई दुकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान कई मिठाई दुकानों से सैंपल लिए गए और कुछ जगहों पर घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। गढ़ाकोटा नगर में अभियान के दौरान खाद्य विभाग,तहसीलदार, राजस्व अमला और पुलिस की टीम मौजूद रही। कार्रवाई का उद्देश्य त्योहारों से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों पर लगाम लगाना और आम जनता को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था।कार्रवाई के दौरान रमेश नेमा की दुकान से घरेलू गैस सिलेंडर मिले,जिन्हें मौके पर जप्त किया गया। साथ ही दुकान से मावा के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। वहीं,बीकानेर कारखाने में निरीक्षण के दौरान प्रदूषण फैलाने वाली भट्टी का उपयोग पाया गया और यहां से भी मिठाई के सैंपलिंग की गई। टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की मिलावट या अवैध गतिविधि पाई गई तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर संदीप जीआर ने स्पष्ट किया है कि जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। त्योहारों के मौसम में दूध,मावा,घी और मिठाई जैसे खाद्य पदार्थों की मिलावट से जनता की सेहत को बड़ा खतरा रहता है,ऐसे में प्रशासन पूरी सख्ती से काम करेगा। इस कार्रवाई में खाद्य विभाग की अधिकारी प्रीति राय और कलश जैन,तहसीलदार महेश दुबे,राजस्व विभाग और पुलिस अमला शामिल रहा। टीम ने दुकानों पर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया और उपभोक्ताओं से भी अपील की कि यदि उन्हें कहीं मिलावटी खाद्य पदार्थ की शंका हो,तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। त्योहारों के करीब आते ही मिठाई और डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है, इसी का फायदा उठाकर कुछ दुकानदार मिलावटखोरी करते हैं। प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में जिलेभर में और भी सघन अभियान चलाया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद जिन दुकानदारों के सैंपल फेल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा में रविवार के दिन भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन गणनायक में किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को विशेष सेवा पखबाड़ा अभियान के रूप में मनाए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। यह सेवा पखवाड़ी अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भाजपा के पितृ पुरूष पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता अभिषेक भार्गव ने की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा कार्य पहुंचाना और भाजपा कार्यकर्ताओं को सेवा भावना से जोड़ना है। सभी कार्यकर्ता सेवा कार्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं । सभी कार्यकर्ता रक्त दान,स्वच्छता,पौधारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण जैसे अभियान चलायेंगे। इस अभियान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जो बूथ से लेकर वार्डों एवं मंडल में आयोजित होंगे। बैठक का उद्देश्य सेवा, पर्यावरण जागरूकता, स्वास्थ्य, स्वदेशी अपनाओ, कुल 16 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें एक पेड़ अपनी मां के नाम पौधरोपण, रक्तदान शिविर,गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान, स्वदेशी सामान खरीदने का प्रोत्साहन, जन सेवा शिविर कार्यक्रम होंगे।

## आईजा के राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए कार्यक्रम समिति का गठन

### हुकुम काका को निर्देशक, सौरभ जैन को संयोजक व डॉ राजीव जैन को नियुक्त किया समन्वयक



**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा द्वारा 5 अक्टूबर 2025 को अशोकनगर में जैन पत्रकारों का राष्ट्रीय अधिवेशन मुनिश्री पुंगव 108 संत सुधा सागर महाराज के सांनिध्य में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुंशसा पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम के निर्देशक वरिष्ठ समाजसेवी हुकुम काका को बनाया। साथ ही कार्यक्रम के संयोजक के रूप में सौरभ जैन गुलाबगंज को नियुक्त किया गया। तो वही कार्यक्रम के समन्वयक जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी को बनाया गया है। इस मौके पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने बताया कि इस भव्य व ऐतेहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियो का गठन किया गया। क्योंकि इस कार्यक्रम में देश के कोने कोने से पत्रकारगण शामिल होगे। वहीं पहली बार मध्यप्रदेश में महिला विंग का सम्मलेन सम्पन्न होगा। इस अवसर में केन्द्रीय मंत्री, सांसद सदस्य, विधायक गण सहित आईजा परिवार के अनेकों पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

## आसमान में बादलों का डेरा रिमझिम बारिश से भीगा क्षेत्र

### जोरदार बारिश हो तो मिले गर्मी उमस से राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

मानसूनी बारिश और मौसम की विदाई के संकेत मिलना शुरू हो गए है। परंतु जिस प्रकार पिछले 2-3 दिनों से आसमान में वर्षा वाले बादलों का डेरा बना हुआ है। कभी कभी रिमझिम बारिश बूंदाबादी हो रही है, उससे बैचेनी वाली भारी उमस नगर एवं क्षेत्र के निवासियों के लिए परेशानियों का कारण बन रही है। जिस प्रकार आसमान में चौबीसों घंटो घने बादलों का डेरा बना हुआ है, यदि जोरदार बारिश हो जाए तो धान की खेती वाले किसानों को लाभ भारी राहत मिलेगी। वही गर्मी, उमस से भी कुछ राहत मिल पाएगी।

#### डेढ़ गुना हुई बारिश

औसत बारिश 40-45 इंच हुआ करती है। परंतु इस वर्ष औसत से डेढ गुना बारिश का आंकडा पार हो चुका है। जोरदार बारिश के कारण क्षेत्र के नदी नालों में भरपूर पानी जल स्तर रहने के साथ भू-जल स्तर भी ठीक बना हुआ है। नगर एवं क्षेत्र में 55 इंच से अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है। जिस प्रकार मौसम के तेवर बने हुए है। जोरदार बारिश की संभावना बनी हुई है।

#### भारी गर्मी उमस

आसमान में बादल छाये रहने और कभी-कभी बूंदाबादी होने से तपी सडक़ो पक्के मकानों पर बारिश की बूंदो का वाष्पीकरण होने के साथ भारी उमस का बैंचेनी वाला माहौल परेशानियों का कारण बन रही है। बारिश की विदाई के संकेत में खेतों में कांस फूलने से स्थान-स्थान पर फूले कांस की सफेद चादर दिखलाई देने के साथ अब सुबह-सुबह ओंस गिरना भी शुरू हो गई है। मकडिय़ा तेजी से जाले बुनती नजर आ रही है। इसी से किसान अनुमान लगा और चर्चा कर रहे है, कि बारिश की विदाई बेला आ गई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रतियोगिता में रही छात्र छात्राओं की उपस्थिति

## शासकीय बालक हासे स्कूल में हुआ उमंग दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शा. बालक हा.से. स्कूल मं उत्साह एवं धूमधाम के साथ उमंग दिवस का आयोजन हुआ। 30 छात्रों ने उत्साहपूर्वक चित्रकलां प्रतियोगिता में भाग लिया। चयनित 3 छात्रों को कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य केके बानी ने सम्मानित किया।

उमंग दिवस पर विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। उमंग दिवस पर आधारित मनमोहक गीत की प्रस्तुति के साथ छात्रा द्वारा प्रेरक गीत भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य केके बानी ने छात्र-छात्राओं का उत्साह उमंग बढाने वाला प्रेरक उदबोधन से मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम में उमंग दिवस कार्यक्रम प्रभारी राजेश हजारी ने उमंग दिवस की आवश्यकता, सार्थकता, अनिवार्यता और उमंग उत्साह के साथ जीवन में प्रत्येक कार्य करने की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम द्वारा छात्रों में अवसाद की भावना को दूर करने और छात्रों में विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक मन लगा कर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

#### छात्रों को दिलाई शपथ

विधार्थियों में अवसाद की भावना भी घर कर रही है। विद्यालय के चयनित छात्रों को अवसाद से बाहर निकालने और उमंग उत्साह पूर्वक छात्र जीवन की शपथ भी दिला कर अवसाद को दूर करने का प्रयास भी किया गया।

## शासकीय बालक हासे प्रांगण में हुआ पौधरोपण



**बरेली।** शा. बालक हा.से. प्रांगण को हरा भरा, सुंदर और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य के.के. बानी, न्यायाधीस और छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल प्रांगण में 25 फलदार एवं छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य केके बानी ने कहा कि हम लोगो द्वारा जिन वृक्षों को लगाया गया है। उनकी सुरक्षा संरक्षण भी जरूरी है। आज के लगाये वृक्ष कल बडे होकर विद्यालय की सुन्दरता बढाने के साथ जीवन के लिए जरूरी आक्सीजन देंगे, हवा को शुद्ध साफ करने के साथ गर्मी में शीतलता और फल भी प्रदान करेंगे। पर्यावरण संरक्षण के साथ जीवन के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। छात्रों को वृक्षों की सुरक्षा संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

**सभी की रक्षा करना ही क्षत्रिय धर्म है**

सागर। स्वयं की रक्षा करना आत्मरक्षा है लेकिन सभी की रक्षा करना ही क्षत्रिय धर्म है। यह उद्गार युवा नेता अविराज भूपेंद्र सिंह ने सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील (शहर) विदिशा म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक- 5581/अ-6/2024-25
श्रीमति विमला भावसार पत्नि श्री हरीचरण भावसार निवासी विदिशा....... आवेदक
वनाम
1- अध्यक्ष श्री संत कंवरराम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित विदिशा
2-श्री घनश्यामदास पुत्र बालचंद सिंधी नि.विदिशा.................. अनावेदक

// इश्तहार//

एतद् द्वारा सूचना सर्वे साधरण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमति विमला भावसार पत्नि श्री हरीचरण भावसार निवासी पीतलमील चौराहा विदिशा द्वारा आवेदन पत्र धारा-109,110 के तहत पेश कर आवेदिका द्वारा ग्राम तमोरिया प.ह.नं. 04 तहसील नगर विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 39, 40 रकवा 2.998 है. में से 1500 वर्गफिट भूखण्ड विक्रेता अध्यक्ष श्री संत कंवरराम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित विदिशा श्री घनश्यामदास पुत्र बालचंद सिंधी निवासी विदिशा से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1124 दिनांक 12.06.2007 से क्रय किया गया है। विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण कियें जाने का निवेदन किया है। आवेदक के आवेदन पर इस न्यायालय में प्र.क्र. 5581/अ-6/2024-25 पंजीबद्ध किया जाकर विचाराधीन है। प्रकरण में अगली सुनवाई नियत दिनांक 23/09/25 है।

अत: इस संबंध में ऐसे सभी व्यक्तियों को जो उक्त भूमियों में हित रखते हो, सूचित किया जाता है कि वह या तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 23/09/25 को उपस्थित हों ओर अपनी आपत्तियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपात्ति/ दावा पर विचार नही किया जावेगा

**तहसीलदार**
**तहसील (शहर) विदिशा म.प्र.**

### अतिक्रमण से यात्री परेशान, रात में शराबियों का अड्डा

# भोपाल-जबलपुर के बीच सबसे बड़े बस स्टैंड की बदहाल स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

भोपाल से जबलपुर के बीच सबसे बडे बस स्टैंड पर सुबह से शाम तक अतिक्रमणकारियों का डेरा जमा रहने और रात में शराबियों अपराधिक तत्वों का जमावडा जमने से यात्री और दुकानदार हैरान परेशान और अपने आप को असुरक्षित बने रहने की भावना भय बढता ही जा रहा है। बस स्टेण्ड पर 24 घंटो में 100 से अधिक यात्री बसें विभिन्न मार्गो पर जाने आने के दौरान नगर के बस स्टेण्ड पर ठहरती है।

#### बस स्टैंड बना शापिंग कॉम्प्लेक्स

2004 में उदयपुरा नाके के पास प्रारंभ हुआ बस स्टेण्ड पर दुकानें ही



दुकानें ठेकेदार द्वारा निर्माण कर किरायें पर दी गई। यात्री बसें जहॉ ठहरती हैद्व उससे काफी दूर यात्री विश्राम ग्रह और सुलभ कॉम्प्लेक्स होने से यात्री हमेंशा हैरान परेशान बने रहते है। दुकानों के सामने हाथ ठेला खडे रहने से वाहनों, यात्री बसों को आवागमन की परेशानियां झेलना पडती है। बस स्टेण्ड कम शॉपिंग काम्प्लेक्स अधिक बना नजर आता है।

#### अतिक्रमण की भरमार

बस स्टेण्ड पर दुकानों ही दुकानों की भरमार होने से यात्री सुविधाओं की अनदेखी बनी नजर आ रही है। खुले में यात्री बसों के आसपास हाथ ठेला का साम्राज्य फैला रहने से यात्रियों को बैठने तो क्या खडे रहने का भी स्थान मिलना कठिन बना रहता है। बस स्टेण्ड पर अतिक्रमण और बदहाल स्थिति के कारण दुकानदार अपना व्यवसाय दुकानें बंद कर पलायन को मजबूर हो रहे है।

#### रात में नहीं रूकती यात्री बसें

रात्रि में बस स्टेण्ड पर शराबियों की महफिल जमने असामाजिक, अपराधिक प्रवृति के तत्वों का जमावड़ा होने से न तो यात्री बस स्टेण्ड जाने की हिम्मत जुटा पाते है, और न ही यात्री बसे बस स्टैंड के भीतर तक जाती है। रात्रि में विभिन्न स्थानों पर अघोषित बस स्टेण्ड पर सडक़ों पर खड़ी रहने यात्रियों को बैठाने उतारने के बाद गंतव्य की ओर बढ जाती है। बस स्टैंड की वर्षो से बनी बदहाल स्थिति में कब सुधार होगा यात्रियों, दुकानदारों को सुरक्षित माहौल मिलेगा इंतजार बना हुआ है।

**घर-घर हुई महालक्ष्मी की पूजन परिवार की सुख शांति की कामना**

बरेली। रविवार को रवि सिद्धि योग में महिलाओं द्वारा मिट्टी से बने सजे धजे हाथी और महालक्ष्मी की विशेष पूजन की गई। परिवार में सुख शांति पुत्रों की लम्बी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की महिलाओं द्वारा कामना और प्रार्थना की गई। महालक्ष्मी वृत पूजन के माध्यम से परिवारों में एकत्रित सभी सौभाग्यवती महिलाए पूजन में सम्मिलित होती है। अपने परिवार में सुख शांति के साथ सन्तान की लम्बी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करती है।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी-पैक्स), जैतपुरा शाखा-ठर्र जिला-विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 455 दिनाक 10.12.1992
क्रमांक / आमसभा / क्यू / 2025-26 दिनाकं 14/09/2025

-: वार्षिक आमसभा सूचना :-

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बी-पैक्स जैतपुरा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि 33 वी साधारण सभा दिन शनिवार दिनाकं 27.09.2025 को दोपहर 01:00 बजे स्थान समिति मुख्यालय जैतपुरा में आयोजित की जायेगी। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में, स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

चन्द्रेश त्रिपाठी, समिति प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, (बी-पैक्स) जैतपुरा
के.सी. यादव, प्रशासक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, (बी-पैक्स) जैतपुरा

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खमतला शाखा- बर्रो**

पंजी. क्र. 461 दिनांक 10/12/1992

वार्षिक आमसभा सूचना

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खमतला, शाखा-बर्रो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 17/09/2025 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय खमतला, शाखा-बर्रो पर दोप. 11 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

प्रबंधक, ओम प्रकाश शर्मा
प्रशासक, एम.एस. भदौरिया

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंधर जिला - विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक: 456 दिनाँक 10.12.92 दिनाँक 12/09/2024

-: वार्षिक आमसभा सूचना :-

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंधर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आमसमा दिन शुक्रवार दिनॉक 26 सितम्बर 2025 को समय दोपहर 1:00 बजे स्थान समिति कार्यालय सौंधर पर आयोजित की जाएगी। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात होगी, गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगा।

मदन सिंह ठाकुर, समिति प्रबंधक
के.सी.यादव, प्रशासक

### अब जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी करेंगे निगरानी

# अब प्राइवेट अस्पताल नहीं छिपा सकेंगे 'जटिल प्रसव' के केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नई व्यवस्था

अब शहर सहित जिलेभर में प्राइवेट अस्पताल जटिल प्रसव के केस छिपा नहीं सकेंगे। क्योंकि शासन ने इनकी निगरानी करने के आदेश जिला स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों को दिए हैं। प्रदेश स्तर पर मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए नई व्यवस्था लागू होने से खासतौर पर हाई रिस्क प्रसव वाली महिलाओं पर ज्यादा सतर्कता रहेगी। उनका बेहतर इलाज संभव हो सकेगा।

मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने अब एक नई व्यवस्था लागू की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब गर्भवती महिलाओं के हाई रिस्क प्रसव मामलों की निगरानी केवल शासकीय अस्पतालों तक सीमित नहीं रहेगी।बल्कि निजी डॉक्टरों और क्लीनिकों पर भी इसकी जिम्मेदारी तय होगी।

जिला स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं के कारण गर्भवती महिलाओं या नवजात शिशु की मौत के आंकड़े चिंताजनक हैं। इन्हें कम करने के लिए इन पर निगरानी रखने की जरूरत है। अक्सर देखा गया है कि कई मामलों में जटिल प्रसव को निजी क्लीनिक के डॉक्टर हाथ लगाने से इंकार कर देते हैं। जबकि गर्भवती का उनके



पास ही पूरे नौ माह तक इलाज चला था। इस तरह की अनदेखी और लापरवाही रोकने के लिए यह नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत गर्भवती महिलाओं का इलाज करने वाले सभी डॉक्टरों को समय रहते केस की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य किया है।

### शासकीय संस्थाओं में तीन स्तरीय जांच

अभी तक शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व तीन अनिवार्य जांचें की जाती हैं। इसमें हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर एवं यूरिन टेस्ट और सोनोग्राफी प्रमुख हैं। इन जांचों से यह स्पष्ट हो जाता है कि महिला को एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर, गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताएं या शिशु के विकास में कोई समस्या तो नहीं है। इस प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता बरतने का मौका मिल जाता है। वहीं हाईरिस्क मामलों पर नजर रखी जा सकती है। साथ ही संबंधित मरीजों को भी सही जानकारी दी जा सकती है।

### इनका कहना है

निजी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम क्लीनिकों में जांच के लिए गायक्लोजिस्ट को यह निर्देश दिए हैं कि यदि किसी गर्भवती महिला में जटिलता पाई जाती है तो इसकी जानकारी विभाग को तुरंत भेजी जाए। विभाग ऐसे मामलों में तुरंत एक्शन लेगा।

**- डॉ एचएन मांडरे**, सीएमएचओ।

### अब सूचना देना है जरूरी

अब जिला स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में यह आदेश जारी किए हैं यदि कोई निजी डॉक्टर या गायक्नॉलॉजिस्ट गर्भवती महिला का शुरू से जांच और इलाज किया है। जांच और लक्षणों से स्पष्ट हो रहा है तो मामला हाई रिस्क है तो इसकी जानकारी तुरंत विभाग को देना जरूरी हो गया है। विभाग के अधिकारी इस तरह के मामलों में नियमित निगरानी रखेंगे। जरूरत पड़ने पर गर्भवती महिला को एक्सरे, सोनोग्राफी की अन्य जांच शासकीय स्तर पर कराई जा सकेंगी।

### प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर अब नहीं झाड़ सकेंगे पल्ला

निजी डॉक्टर नर्सिंग होम, क्लिनिक ऐसे जटिल मामलों में सजगता नहीं दिखा रहे थे। गर्भवती महिलाओं को 9 महीने तक इलाज करने और मोटी फीस वसूलने के बाद अगर प्रसव के दौरान किसी महिला की हालत बिगड़ती है तो उसे सरकारी अस्पताल रैफर कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। इस अव्यस्था को खत्म करने और जबावदेही तय करने के लिए शासन के कड़े निर्देश के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ठोस फैसले ले सकेंगे।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 800 वाहनों के चालान बनाकर वसूले तीन लाख

### नियमों का पालन करवाने चलाया जा रहा विशेष चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। इस दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक जिले में शराब पीकर गाड़ी चलाने के 4 चालान बनाए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि सिर्फ एक दिन में जिलेभर में 800 चालान बनाए गए। इन चालानों से 3 लाख 5 हजार 400 रुपए जुर्माना वसूला गया। सबसे ज्यादा मामले बिना हेलमेट चलने वालों के रहे। ऐसे 569 लोगों पर कार्रवाई कर 1 लाख 71 हजार 600 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

यातायात प्रभारी लता मालवीय ने बताया कि यह अभियान 22 सितंबर तक जिलेभर में लगातार चलेगा। अभियान का उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना और सड़क हादसों पर नियंत्रण पाना है।



### सीट बेल्ट और रॉन्ग साइड पर भी बनाया चालान

इसी तरह 109 लोगों के खिलाफ बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी चलाने पर चालान बनाया। इनमें से 54 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला। वहीं 77 लोग गलत दिशा से गाड़ी चलाते पकड़े गए, जिन पर 38 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया। इसके अलावा अन्य उल्लंघनों पर भी कार्रवाई की गई।

## समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा खरीदी के लिए बनाए 23 केंद्र

**रायसेन।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए जारी किसान पंजीयन प्रक्रिया के तहत कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार रायसेन जिले में 23 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए हैं। इन केन्द्रों पर पंजीयन कार्य 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा।

वन पट्टाधारी/ सिकमीदारी किसानों को वन पट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति उपलब्ध करानी होगी। किसानों को उनकी उपज का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में ही किया जाएगा।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु 23 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए हैं, जिनमें उदयपुरा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बौरास, गैरतगंज में विपणन सेवा सहकारी समिति आलमपुर, सेवा सहकारी समिति गढ़ी तथा कृषक सेवा सहकारी समिति बम्होरी गोदर में पंजीयन केंद्र बनाए हैं। गौहरगंज में वहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मंडीदीप तथा सहकारी विपणन समिति औबेदुल्लागंज आदि को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

# हाईवे 18 पर रोज हो रही पशु की मौत, जिम्मेदार बैठे मौन

### दुर्घटना : 20 दिन में 15 पशुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे पर रोज कहीं ना कहीं पशुओं की मौत हो रही है। इन पशुओं को रखने वाला व्यक्ति ना ध्यान दे रहा है ना ही सरकार इन आवारा पशुओं की ओर ध्यान दे रही है, जिससे इन आवारा पशुओं की रोज कहीं ना मौत हो रही है। यह जानवर दिन भर जंगलों में घूमते हैं जैसे ही शाम होती है तो वह सूखे में आकर रोड पर बैठ जाते हैं। क्योंकि रोड पर प्रदूषण होने के कारण मच्छर जानवरों को नहीं खाते हैं। इसलिए ज्यादातर बारिश के समय पशु रोड पर आकर बैठ जाते हैं।

वाहन चालक रात के समय इन आवारा पशुओं को देख नही पाते हैं जिससे आवारा पशुओं के ऊपर वाहन चढ़ जाता है, जिससे इनकी मौत हो जाती हैं। बीते गुरुवार शुक्रवार रात को बालमपुर चौराहा और मिलिट्री कैंप पर को अज्ञात वाहन ने दो पशु को टक्कर मार दी थी। जिससे पशु रोड से नीचे फीका गए जिससे उनकी मौत हो गई।

वहीं रविवार को भी दाल मिल चौराहा दीवानगंज पर अज्ञात वाहन



ने गाय को जोरदार टक्कर मार दी जिसकी उसकी भी मौत हो गई। मृत पशुओं को सुबह आवारा कुत्ता नोचते हुए नजर आए। यहां एक दिन की बात नहीं है रोज रोड पर पशुओं की मौत हो रही है।

पशुओं की इतनी मौत होने के बाद भी प्रशासन मृत पशुओं को नहीं उठाता। इन मृत पशुओं को आवारा कुत्ते नोचते रहते हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में बदबू के कारण रहवासी परेशान हो रहे हैं।

बता दें कि क्षेत्र के 10 किलोमीटर के अंदर 3 गौशालाओं का निर्माण 5 साल से चल रहा है। जिनमें से एक गौशाला पूर्ण रूप से तैयार हो चुकी है। लेकिन दो गौशाला में थोड़ी बहुत कमी के कारण गौशाला में पशुओं को नहीं छोड़ा जा सका है।

## खबर संक्षेप

### शहादत शताब्दी यात्रा का नगर में आज प्रवेश

**बाड़ी।** सिक्खों के नौवें गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत शताब्दी पर आयोजित यात्रा का 15 सितंबर को भव्य नगर प्रवेश हो रहा है। यात्रा के स्वागत की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। नगर के समाजसेवी जोधा सिंह अटवाल जानकारी देते हुए बताया कि गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहादत के 350वर्ष पूर्ण होने पर गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर जी धुबरी साहिब (असम) से एक धार्मिक यात्रा आयोजित की गई है। यह यात्रा अपने आरंभ स्थान से शुरू होकर मार्ग के गांव-नगर-कस्बे में धर्मप्रचार एवं गुरु श्री तेग बहादुर जी के बताए मार्ग का संदेश देते हुए आज सोमवार को करीब 1 बजे बाड़ी नगर में प्रवेश करेगी। यात्रा श्रीश्री आनंदपुर साहिब पहुंच कर सम्पन्न होगी यात्रा के नगर आगमन पर नगर कीर्तन का भी आयोजन होगा। समाजसेवी जोधा सिंह अटवाल, संतोष अटवाल, गुरिंदर अटवाल, मोनू अटवाल, हिंदू उसव समिति के अध्यक्ष जस्सी अटवाल, लक्की अटवाल आदि ने इस यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

### सेवा सप्ताह पखवाड़े के तहत 17 को होगी बैठक

**रायसेन।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के लिए सेवा सप्ताह का आयोजन में जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर सोमवार से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

# वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां ढोने का चलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में इस समय सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोडिंग वाहनों समेत ट्रैक्टर-ट्रॉली, ऑटो पर सवारी का चलन अब भी जारी है। इससे हादसों का खतरा और बढ़ रहा है।

जबकि जिला व पुलिस प्रशासन को ट्रॉली पर सवारी करने पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए और ग्रामीण इलाकों में वैकल्पिक सुरक्षित परिवहन साधन उपलब्ध कराने चाहिए। मालूम हो कि पिछले डेढ़ माह पहले मुड़ियाखेड़ा में लोडिंग



ऑटो से मजदूर धान रोपने जा रहे थे। वाहन पलटने से डेढ़ दर्जन मजदूर घायल हो गए थे। इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली पलटने के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन इन हादसों से कोई सबक नहीं लिया।

जिले के ग्रामीण इलाकों में लोडिंग वाहनों सहित ऑटो, ट्रैक्टर ट्रॉली से सवारी ढोना आम बात हो गई है। बीते दिनों ऐसे कई हादसे सामने आए हैं। लोगों का कहना है कि मजबूरी में लोडिंग वाहनों ट्रैक्टर ट्रॉली का सहारा लेना पड़ता है, क्योंकि कई गांवों में बस या अन्य परिवहन की सुविधा नहीं है।

### इनका कहना है

लोडिंग वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों की ढुलाई के मामले में पुलिस हमेशा एहतियात बरत रही है। वाहनों की जांच में जिलेभर में विशेष जांच मुहिम चलाई जा रही है। जुर्माने की कार्रवाई की जाती है।

**- लता मालवीय**, ट्रैफिक प्रभारी।

# श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण का मनाया जन्म उत्सव

### ग्राम देहरी के शिव मंदिर में चल रही कथा, श्रवण करने पहुंचे रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

देहरी शिवमंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म उत्सव के विषय में विस्तार पूर्वक बताया कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की आधी रात को मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था।

श्रीकृष्ण के जन्म की इसी शुभ घड़ी का उत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा था। द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने बुधवार के दिन रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था। जन्म होने



के तुरंत बाद जेल के सभी प्रहरी सो गए और जेल के अभी दरवाजे खुल गए अष्टमी तिथि को रात्रिकाल अवतार लेने का प्रमुख कारण उनका चंद्रवंशी होना है।

कथा वाचक ने कहा रोहिणी चंद्रमा की प्रिय पत्नी और नक्षत्र हैं, इसी कारण कृष्ण रोहिणी नक्षत्र में जन्मे। अष्टमी तिथि शक्ति का प्रतीक है, कृष्ण शक्ति संपन्न, स्वमंभू व परब्रह्म है इसीलिए वो अष्टमी को अवतरित हुए।

श्री कृष्ण जन्म होने पर गांव के सभी भक्तगण नाचते झूमते नजर आए। श्री कृष्ण के बाल स्वरूप को सभी भक्तों ने अपने हाथों में उठाकर दुलार किया। पूरा पंडाल हाथी-घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल के जयकारों से गूंजमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने बाल स्वरूप श्रीकृष्ण के दर्शन किए।

### धार्मिक श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत रही यात्रा, किए विभिन्न मंदिरों के दर्शन और पूर्ण किए अनुष्ठान

# तीर्थयात्रियों ने कुंडलपुर में किए 'बड़े बाबा' के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

धर्म, आस्था और भक्ति के पावन संगम के साथ नगर सिलवानी के श्रद्धालु तीर्थ यात्रा पर प्रस्थान कर रविवार को दमोह जिले में स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर पहुंचे। इस आध्यात्मिक यात्रा में नगर के समाजसेवी सवाई सेठ जय बाबू जैन, राजीव समैया, सवाई सेठ राजेश खन्ना, विनय जैन, संस्कार जैन एवं पत्रकार विजय जैन शामिल हुए।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की भव्य प्रतिमा जिन्हें श्रद्धालु "बड़े बाबा" के नाम से जानते हैं के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करना था। सभी श्रद्धालुओं ने कुंडलपुर पहुंचते ही बड़े बाबा के दर्शन कर विधिपूर्वक आरती की और क्षेत्र की पवित्रता का अनुभव किया।



**धार्मिक कार्यक्रमों में लिया भाग**

*श्रद्धालुओं ने तीर्थ क्षेत्र स्थित अन्य मंदिरों के दर्शन भी किए, जिनमें चंद्रप्रभु मंदिर, शांतिनाथ मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर सहित अनेक जिनालय शामिल रहे। तीर्थ क्षेत्र में विद्वान आचार्यों व साधुओं की सान्निध्यता में विशेष पूजन-अभिषेक, शांतिधारा और अनुष्ठान सम्पन्न किए।*

### *तीर्थ क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व*

- *कुंडलपुर जैन धर्म का अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक तीर्थ क्षेत्र है, जहाँ बड़े बाबा की प्राचीन प्रतिमा पर्वत पर निर्मित जिनालय में स्थापित है। देशभर से हजारों श्रद्धालु यहाँ आकर धर्मलाभ लेते हैं। यहाँ हर वर्ष विशाल मेले आयोजित होते हैं।*

### *श्रद्धालुओं की भावना*

- *यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं ने कहा कि कुंडलपुर जैसे पवित्र तीर्थ पर जाना और वहाँ आराधना करना जीवन को सार्थक बनाता है। इस यात्रा से जो आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हुई है, वह अविस्मरणीय है। समाज को ऐसे धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।*

# अग्रवाल समाज ने अग्रसेन जयंती मनाने बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

अग्रवाल समाज समिति रायसेन ने आगामी अग्रसेन महाराज जयंती के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया। यह बैठक डॉ. एसी अग्रवाल के निवास सागर रोड पर सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने की। इसमें समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर चर्चाओं में शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 22 सितंबर को मनाई जाने वाली अग्रसेन महाराज की जयंती की तैयारियों की रूपरेखा तय करना तथा समाज के सभी सदस्यों के एकजुट होकर उत्सव को भव्य स्वरूप देने पर विचार करना रहा। साथ ही दिवाली के त्यौहार पर



अगले दिन होने वाले अन्नकूट महोत्सव की तैयारियों को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

बैठक में अनेक सुझाव प्रस्तुत किए और अग्रवाल समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपने विचार साझा किए। बैठक में समाज के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, डॉ एसी अग्रवाल, चंद्रमोहन गोयल, संतोष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, दीपू अग्रवाल, अनिमेष अग्रवाल, वैभव अग्रवाल सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आमसभा में करणी सेना ने आर्थिक आधार पर आरक्षण सरलीकरण की भरी हुंकार

# आजाद भारत में हमारे अधिकार छीन रहीं सरकारें: राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को क्षत्रिय समाज करनी सेना की एकजुट आवाज से गूंज उठी। सिद्ध महाबली पंचमुखी श्रीहनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राजपूत ठाकुर समाज करणी सेना की नगर में निकाली गई। दो पहिया चार पहिया वाहन सम्मान रैली और आमसभा में प्रमुख मांगें पूरे जोश के साथ उठीं।

रविवार को रायसेन शहर में करनी सेना के बैनर तले भव्य वाहन रैली निकाली गई। यह वाहन रैली सिद्ध मारुति नंदन मंदिर पाटनदेव से पूजन आरती के बाद प्रारंभ हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महाबली पंचमुखी हनुमान मंदिर गोपालपुर पहुंची। इसके बाद यह रैली आमसभा में तब्दील हो गई। इस वाहन रैली का जगह-जगह व्यापारियों और नागरिकों ने फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं सागर



भोपाल तिराहे पर लोगों ने दो जेसीबी मशीन पर खड़े होकर जमकर फूल बरसाए।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह सोलंकी, सुनील ठाकुर करमोदिया, तेज सिंह परिहार, धीरेंद्र सिंह, ठेकेदार मोहर सिंह ठाकुर, प्रद्युम्न सिंह तोमर सांची, बबलू ठाकुर, दीपेंद्र सिंह कुशवाह राजावत, महेंद्र ठाकुर सहित राजपूत ठाकुर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

वहीं वक्ताओं ने ऐलान किया कि रायसेन में भी विशाल प्रदर्शन कर सरकार के सामने यह मांग मजबूती से रखी जाएगी।

### इंदल सिंह राणा का जोशीला संबोधन...

मुख्य वक्ता और क्षत्रिय राजपूत ठाकुर समाज करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने करनी सेना के कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब राजपूत समाज अपनी ताकत का और वैभवशाली गौरवशाली इतिहास का एहसास कराए। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हमारे हक अधिकार सरकारें छीन रही हैं। इस व्यवस्था को हर हाल में बदलना होगा, जिन लोगों ने हमारे पत्ते काटे हैं, अब उनकी भी पत्ते कटेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिर्फ़ भाषणों से नहीं, ठोस एकजुटता से ही हमें हक़ और अधिकार मिलेगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूरी बनाए रखने की गुजारिश की।

उन्होंने 15 अक्टूबर 2025 को भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय क्षत्रिय करनी सेना के कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं से बडी संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया, जब सभी समाजों पर कोई विपत्ति खड़ी होती है तो क्षत्रिय ठाकुर समाज ही रक्षा की ढाल बनकर आगे खड़ी होती है। आगामी समय में रायसेन क्षेत्र में क्षत्रिय समाज का ही प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं से कहा सत्ता में 20 प्रतिशत भागीदारी क्षत्रिय राजपूत ठाकुर समाज की हो ऐसी व्यवस्था होना चाहिए। पूरा क्षत्रिय राजपूत ठाकुर अधिकारों की लड़ाई अब सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा।